


## राजनीतिक

- **क्या नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि भाजपा के आईटी सेल से जुड़े संगठन E20 के मुद्दे पर उन्हें निशाना बना रहे हैं?**

राजनीतिक रिपोर्टों के अनुसार, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ई20 ईंधन परिवर्तन को लेकर समन्वित ऑनलाइन हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। अटकलों के मुताबिक, गडकरी ने आरोप लगाया है कि पार्टी से जुड़े आईटी सेल के हैंडल सक्रिय रूप से जन असंतोष को भड़का रहे हैं और 20% इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के देशव्यापी कार्यान्वयन के खिलाफ जानबूझकर अभियान चला रहे हैं। खबरों के मुताबिक, मंत्री ने कैबिनेट के सामूहिक जनादेश के लिए व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाए जाने पर गहरी निराशा व्यक्त की, और इस बात पर जोर दिया कि इथेनॉल मिश्रण पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है, न कि उनके अपने परिवहन विभाग के अंतर्गत। यदि यह अफवाह सच है, तो यह पत्राचार सत्तारूढ़ पार्टी के तंत्र के भीतर गहरी गुटबाजी की प्रतिद्वंद्विता को उजागर करता है, जहां महत्वाकांक्षी हरित ऊर्जा पहल आंतरिक सत्ता की गतिशीलता में उपेक्षित होने का जोखिम उठाती हैं।

- **ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले महत्वपूर्ण मोड़ : डोवाल और जयशंकर के दौरों के नेतृत्व में बीजिंग और मॉस्को के साथ भारत की कूटनीति!**

नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी से पहले भारत एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक रणनीति अपना रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल की बीजिंग यात्रा, जहां वे चीनी विदेश मंत्री वांग यी से सीमा वार्ता करेंगे, का उद्देश्य वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संबंधों को स्थिर करना और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त करना है। साथ ही, विदेश मंत्री एस. जयशंकर की मॉस्को यात्रा का मुख्य उद्देश्य रूस के साथ ऊर्जा, व्यापार और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शिखर सम्मेलन में भागीदारी सुनिश्चित करना है। ये दोनों राजनयिक दौरे नई दिल्ली की व्यावहारिक विदेश नीति को उजागर करते हैं। प्रमुख विदेश नीति विशेषज्ञों को महत्वपूर्ण राजधानियों में भेजकर, भारत संवेदनशील सीमा विवादों का सीधा समाधान कर रहा है, साथ ही महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारियों को भी संरक्षित रख रहा है। शिखर सम्मेलन से पहले मुख्य मतभेदों को सुलझाना घरेलू धरती पर एक उत्पादक बहुपक्षीय ढांचा तैयार करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। अब सबकी निगाहें बीजिंग और मॉस्को पर टिकी हैं, ऐसे में डोवाल और जयशंकर द्वारा हासिल किए गए परिणाम ही शिखर सम्मेलन की समग्र दिशा तय करेंगे। शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन दोनों की नई दिल्ली में उपस्थिति सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक जीत होगी, जिससे ध्रुवीकृत वैश्विक परिदृश्य में भारत की प्रमुख सेतु निर्माता के रूप में भूमिका और मजबूत होगी।

- **मंत्रिमंडल में फेरबदल के बाद उत्तर प्रदेश और पंजाब से आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी**

सूत्रों का कहना है कि आगामी मोदी मंत्रिमंडल फेरबदल में विधानसभा चुनावों को देखते हुए उत्तर प्रदेश और पंजाब से मंत्रिपरिषद में सदस्यों की संख्या में वृद्धि होगी।

## प्रशासनिक

- **सचिव स्तर पर एक और फेरबदल की संभावना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सचिवों के साथ विचार-विमर्श के बाद यह माना जा रहा है कि भारत सरकार में सचिव स्तर पर एक और फेरबदल होने की संभावना है।

- **क्या पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक और कार्यकाल मिलेगा ?**

असम के मुख्य सचिव रवि कोटा को मिले दूसरे कार्यकाल विस्तार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल को अगले जनवरी में छह महीने का दूसरा कार्यकाल विस्तार मिलने की अटकलों को और हवा दे दी है। वे पश्चिम बंगाल कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **आरपीएफ के अगले महानिदेशक कौन होंगे ?**



आरपीएफ नेतृत्व पर नजर बनी हुई है क्योंकि सोनाली मिश्रा, आईपीएस, वर्तमान में आरपीएफ की महानिदेशक हैं और उनकी नियुक्ति 2025 में हुई थी; उनका कार्यकाल 31 अक्टूबर, 2026 को उनकी सेवानिवृत्ति तक चलने वाला है। आरपीएफ के अगले महानिदेशक कौन होंगे?

- **किसी प्राधिकरण के सलाहकार को पद छोड़ने के लिए कहा गया ?**

एक प्राधिकरण के पूर्व सदस्य (संचालन) और वर्तमान में मुख्य सलाहकार को उनके निर्धारित एक वर्षीय कार्यकाल की समाप्ति से दो महीने पहले ही इस्तीफा देने के लिए कहा गया है। उनका इस्तीफा 31 अगस्त, 2026 से प्रभावी होगा। वह अधिकारी कौन है?

- **आईएफएस अधिकारियों को एसआईआर नोटिस क्यों मिल रहे हैं ?**

75 वर्षीय सेवानिवृत्त भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी और पूर्व राजदूत रमेश चंदर को पंजाब के जालंधर विशेष सारांश संशोधन (एसआईआर) अधिकारियों द्वारा भारतीय नागरिकता साबित करने वाले दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। चंदर ने एशिया, अफ्रीका और यूरोप में राजनयिक मिशनों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिनमें बेलारूस, जापान, प्राग और एडिनबर्ग में महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। वे कई वर्षों से जालंधर में पंजीकृत मतदाता हैं। वे इस तरह का नोटिस प्राप्त करने वाले दूसरे पूर्व राजनयिक हैं। इन नोटिसों के जारी होने से मतदाता सूची सत्यापन के बड़े अभियानों, जैसे कि एसआईआर और एनआरसी अपडेट, के दौरान प्रशासनिक बाधाओं का पता चलता है। राजनयिक सेवा के अंतर्गत आने वाली विदेशी तैनाती के कारण अक्सर व्यक्ति अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र से लंबे समय तक दूर रहता है। इस अनुपस्थिति से स्थानीय निवास डेटाबेस, पुराने नगरपालिका रजिस्टरों या मतदाता सूचियों में निरंतरता की कमी हो सकती है।

- **अधिनियम के तहत परिकल्पित पांच सदस्यीय राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग**

न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2026 में एक राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग की स्थापना का प्रावधान है, जिसमें एक अध्यक्ष और चार सदस्य होंगे, जिनमें दो न्यायिक सदस्य और दो तकनीकी सदस्य शामिल हैं। अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायिक सदस्य उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश या न्यायाधीश होंगे, जबकि तकनीकी सदस्यों के पास लोक प्रशासन, वित्त, कानून, लेखा, बैंकिंग, प्रबंधन या प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कम से कम 25 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी, और अध्यक्ष और न्यायिक सदस्यों की नियुक्ति के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करना अनिवार्य होगा।

- **रवि अरोरा के कार्यकाल में विस्तार की संभावना**

आवास विभाग के संयुक्त सचिव रवि अरोरा को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में छह महीने का विस्तार मिलने की संभावना है। वे गुजरात कैडर के 2006 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

# अगले छह माह में यूपी के एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपेंगे : योगी आदित्यनाथ

### मुख्यमंत्री ने साढ़े तीन हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, साल 2017 से पहले की सरकारों पर उठाए सवाल

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तीन हजार 572 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों में उनकी सरकार प्रदेश के नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। अगले छह माह में प्रदेश के एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

योगी ने कहा कि हमें इस बात को ध्यान में रखना होगा कि जब हम योग्यतम अभ्यर्थियों का चयन बिना भेदभाव के करते हैं, तो उसका लाभ पूरे प्रदेश को मिलता है। उनकी प्रतिभा और उनकी ऊर्जा का लाभ पूरा प्रदेश लेता हुआ दिखाई देता है और यही पिछले 9-9.5 वर्ष के अंदर डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार की उपलब्धियों में से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नौ लाख 30 हजार से अधिक उत्तर प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाने में सफलता प्राप्त की है और एक भी नियुक्ति पर कोई प्रश्न नहीं खड़ा कर सकता। हमने पहले दिन से तय कर रखा है कि जो 2017 के पहले की परिपाटी थी, वह अब नहीं चलेगी। नियुक्ति का विज्ञापन निकलता था, चाचा-भतीजे की जोड़ी और महाभारत का पूरा खानदान फिर वसूली के लिए प्रदेश भर में निकल पड़ता था। नौजवान भटकता रहता था, परिणाम नहीं आता था और अंतत: न्यायालय को कोर्ट में स्टे लगाना पड़ता था।



हमारे युवाओं का समय बर्बाद होता था। लोग मानते थे कि ये युवा किसी लायक नहीं क्योंकि ये नौकरी नहीं प्राप्त कर रहे। गलती युवा की नहीं होती थी, गलती उन आयोगों और बोर्डों में बैठे हुए और उस समय की सरकारों के भ्रष्ट तंत्र की थी। हमने पहले दिन कहा था कि अगर ये सरकार अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है तो हम नकल माफिया की भी और विभिन्न संस्थानों में बैठे हुए माफिया की कमर को भी तोड़ेंगे और उसके आकाओं को भी जमीन-आसमान दिखाने का काम करेंगे। आपने देखा होगा इस दौरान हम लोगों ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। माफिया की संपत्ति को जब्त करवाया, उससे वसूली करवाई और नियुक्ति प्रक्रिया को और पारदर्शी तरीके से संपन्न करते हुए नौ लाख 30 हजार से अधिक नौजवानों को हमने सरकारी नौकरी देने में सफलता प्राप्त की। आज जब यहाँ साढ़े तीन हजार कृषि तकनीकी सहायक और मंडी सचिवों को नियुक्ति पत्र वितरण के इस कार्यक्रम के साथ जोड़ रहा हूँ, मैं प्रदेश भर के युवाओं को इस बात के लिए आश्वस्त कर रहा हूँ कि अगले छह महीने के अंदर एक लाख नौजवानों को सरकारी नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं।

हमें बुरा लगता है जब कोई युवा कहता है कि हमने परीक्षा दी है, परिणाम अभी तक नहीं आ पाया। हम आयोग और बोर्डों की बैठक लेते हैं और उनसे कहते हैं कि आपको इतनी स्वतंत्रता दे रखी है, परिणाम भी समय पर लाइए। पहले होता क्या था? आप भी इसी प्रदेश में पढ़े होंगे। यूपी बोर्ड की परीक्षा होती थी। उसमें तीन महीने लगते थे। परिणाम आने में तीन महीने लगते थे। इस प्रकार छह महीने तो साल में ऐसे ही बर्बाद होते थे। उसके अगले तीन महीने प्रवेश की प्रक्रिया अलग है। पर्व और त्योहार अलग हैं। तीन महीने भी बच्चों को पढ़ाई के लिए नहीं मिल पाते थे। तब सरकार नौजवानों को किसी लायक नहीं छोड़ती थी। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए उन्होंने प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। तात्कालिक रूप से नौजवान को लगता था कि हितैषी हैं, हितैषी नहीं थे। वे युवाओं के दुश्मन थे।

मैंने 2017 में जब पहली बैठक किया था। उनसे मैंने कहा कि इसको एक महीना करो। उन्होंने कहा नहीं हो पाएगा। तो मैंने कहा कुर्सी छोड़ो, मैं एक महीने के अंदर कराऊँगा। एक महीने के अंदर कराऊँगा और आज मुझे आपको बताते हुए प्रसन्नता है, मैं 14 दिन में यूपी बोर्ड की परीक्षा कराता हूँ और अगले 14 दिन में उसका परिणाम भी दिलाता हूँ। 56 लाख अभ्यर्थी उस परीक्षा में होते हैं, 56 लाख बच्चे बैठते हैं। मैंने उच्च शिक्षा वालों से भी कहा है कि परीक्षा की प्रणाली को और सीमित करो। परीक्षा बच्चों को प्रताड़ित करने का माध्यम नहीं होना चाहिए।

उसका आकलन करने का माध्यम होना चाहिए। उसको सहज बनाओ, सरल बनाओ, उसको आत्मविश्वास से भरपूर करो। योगी ने कहा याद करिए यही उत्तर प्रदेश 2017 के पहले बीमारू राज्य कहा जाता था, बीमारू राज्य था। युवा पलायन कर रहा था, किसान आत्महत्या कर रहा था। बेटी के सामने सुरक्षा का संकट था।

## प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर लगातार घटा सभी तटबंध सुरक्षित

**प्रयागराज ।** विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज में गंगा और यमुना के जलस्तर में लगातार कमी आने से प्रयागराज में बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार दोनों नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से करीब पांच मीटर नीचे है। जिले के सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटे में गंगा और यमुना के जलस्तर में करीब 38 से 42 सेंटीमीटर तक की कमी दर्ज की गई है। प्रयागराज में बाढ़ के खतरे का निशान 84.734 मीटर है। मंगलवार सुबह आठ बजे यमुना का जलस्तर नैनी में 79.74 मीटर दर्ज किया गया। यहां पिछले 24 घंटे में 42 सेंटीमीटर की कमी आई है। नैनी क्षेत्र में इस दौरान 14.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी तरह गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 80.69 मीटर रहा। यहां भी पिछले 24 घंटे में 42 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई। फाफामऊ में इस अवधि में 28.7 मिलीमीटर बारिश हुई। छतनाग में गंगा का जलस्तर 79.28 मीटर दर्ज किया गया, जो पिछले 24 घंटे की तुलना में 39 सेंटीमीटर कम है। यहां 18 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं एसटीपी-बक्सी बांध पर जलस्तर 79.90 मीटर रहा और यहां भी 24 घंटे में 38 सेंटीमीटर की कमी आई।

## पीएम सूर्य घर योजना को गति देने में जुटा प्रयागराज, 25,452 सौर संयंत्र स्थापित

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज :** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रयागराज में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। जिले में योजना के तहत अब तक 35,345 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 25,452 लाभार्थियों के घरों में सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं, 22,363 लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी की धनराशि भी भेजी जा चुकी है।

योजना को और गति देने के लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, पिछले करीब 20 दिनों से स्मार्ट मीटर की उपलब्धता प्रभावित होने के कारण कुछ स्थानों पर सौर संयंत्रों की स्थापना का कार्य प्रभावित हो रहा है। स्मार्ट मीटर उपलब्ध नहीं होने से संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया पूरी करने में परेशानी आ रही है। इससे योजना की प्रगति पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। इस संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को स्मार्ट मीटर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग की ओर से भी समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से मिल सके और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में जिले की प्रगति बनी रहे। अतिरिक्त सौंदर्य ऊर्जा, नेडा की नोडल अधिकारी कोमिल द्विवेदी ने बताया कि योजना के तहत जिन वेंडरों को वर्क ऑर्डर मिल रहे हैं, वे अपनी क्षमता के अनुसार पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं और लाभार्थियों को सब्सिडी का लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर की उपलब्धता होने पर लंबित कार्यों में तेजी आएगी।

## खतरे के निशान पर पहुंचा गंगा का जल स्तर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, : फर्रुखाबाद :** गंगा नदी का जलस्तर मंगलवार को खतरे के निशान पर पहुंच गया है, जिससे तकरीबन 100 ग्राम सभाएं बाढ़ की चपेट में आ गई है। यहां के लोग छतों पर गुजारा कर रहे हैं। हालात यह हैं कि बाढ़ की विभीषिका में फंसे लोगों का दिन का चैन और रात की नींद हराम हो गई है। हालांकि जिला प्रशासन पूरी तरह से बचाव में लगा हुआ है, लेकिन खतरे के निशान पर पहुंची गंगा का पानी अब गांव में पूरी तरह से भर गया है।



गंगा पार के राजेपुर के रहने वाले प्रधान प्रदीप गुप्ता बताते हैं की गंगा का पानी राजेपुर की सड़कों पर चल रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। हालात यह है कि तहसील और ब्लॉक तथा स्कूल पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। सरकारी कामकाज में बाधा आ रही है। जिला प्रशासन की तरफ से बाढ़ पीड़ितों के लिए शरणालय बनाए गए हैं और उन्हें राशन , तथा अन्य जरूरत का सामान मुहैया कराया जा रहा है। सबसे दुखद बात यह है कि सड़क के किनारे पॉलीथिन तान कर रह रहे लोग ऊपर से बरस रहे पानी की वजह से परेशान है । मंझा की मड़ैया, चाचू पुर तथा लड़कातक पानी पहुंच जाने की वजह से यहां के वाशिंदे को सांप और विषैले जीव जंतुओं का डर सता रहा हैं। गंगा पार के रहने वाले लोगों का कहना है कि उनके लिए गंगा और रामगंगा दोनों नदियां अभिशाप बनी हुई है । नदियों में आई बाढ़ की वजह से फसले नष्ट हो जाती है, जिसकी वजह से बच्चों की शादी विवाह करने में भारी दिक्कत होती है। यहां गांव बरुआ के योगेंद्र सिंह बताते हैं कि यहां के लोगों के बच्चों की पढ़ाई और शादी विवाह का दारोंमदार खेती पर ही टिका हुआ है, लेकिन इन खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है। इसकी वजह से गंगा पार क्षेत्र में कोहराम मचा है। आज गंगा नदी का जलस्तर 137.10 मीटर पर रिकॉर्ड किया गया, जो की खतरे का निशान है । इस संबंध में जिलाधिकारी डॉक्टर अंकुर लाठर का कहना है कि पूरी तरह से बाढ़ चौकिया को अलर्ट कर दिया गया है। सभी अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं ।

## निपुण मॉडल को समझने गाजियाबाद पहुंचे पांच देशों के प्रतिनिधि

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बुनियादी शिक्षा और बच्चों की सीखने की क्षमता को मजबूत करने के प्रयास अब अंतरराष्ट्रीय पीयर-लर्निंग का विषय बन रहे हैं।

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत भारत में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) सुधारों को समझने के उद्देश्य से केन्या, ब्राजील, अर्जेंटीना, दक्षिण अफ्रीका और सेनेगल के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों एवं नागरिक समाज के प्रतिनिधियों का लगभग 70 सदस्यीय दल गाजियाबाद पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने परिषदीय विद्यालयों में कक्षा शिक्षण का प्रत्यक्ष अवलोकन कर निपुण भारत की नीतियों के जमीनी क्रियान्वयन को समझा। 23 से 27 अगस्त तक



चल रहे सप्ताहभर के पीयर-लर्निंग इमर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिनिधिमंडल को छोटे-छोटे समूहों में विभाजित कर गाजियाबाद के नगर, राजापुर, लोनी और मुरादनगर ब्लॉकों के 11 विद्यालयों का भ्रमण कराया गया। प्रतिनिधियों ने कक्षा-कक्ष में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया देखी तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, अकादमिक रिसोर्स पर्सन्स (एआरपी) और राज्य संसाधन समूह के अधिकारियों से संवाद किया।

गाजियाबाद के परिषदीय विद्यालयों में पांच देशों के प्रतिनिधियों का यह अध्ययन दौरा उत्तर प्रदेश में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन सुधारों को नीति से कक्षा तक पहुंचाने की प्रक्रिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा सीख का अवसर प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन सुधारों को समझना और अनुभव साझा करना है। गाजियाबाद के विद्यालयों में कक्षा शिक्षण के प्रत्यक्ष अवलोकन और शिक्षा अधिकारियों के साथ तकनीकी संवाद के माध्यम से प्रतिनिधियों ने एफएलएन सुधारों के जमीनी क्रियान्वयन को करीब से समझा। विद्यालयों के दौरे के बाद उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग के साथ विस्तृत तकनीकी चर्चा हुई। इसमें गाजियाबाद के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और राज्य संसाधन समूह के सदस्य शामिल हुए। चर्चा में पाठ्यक्रम एवं अध्ययन उद्देश्यों, संरचित शिक्षण-अधिगम सामग्री, शिक्षक मार्गदर्शन एवं मेंटरिंग, आकलन और आंकड़ों के उपयोग पर विचार-विमर्श हुआ।

**सार्वजनिक आम सूचना**

**(कृषि भूमि खसरा नं.-348/2, कुल रकबा 0.0465 हेक्टेयर अर्थात 5000 वर्गफिट भूमि स्थित ग्राम सेमरी वाजयाप्त पटवारी हल्का नं. 73 विकास खण्ड फंदा रा.नि.मं. 04 तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. के संबंध में**

मैं मेरे पक्षकार श्री संजय सिंह कुशवाहा आत्मज श्री हीरा सिंह कुशवाहा स्थाई निवासी-14 सुरेश नगर ग्वालियर (म.प्र) (मो नं 9074934771) एवं श्री रामकिशोर शर्मा आत्मज श्री वैद्यनाथ शर्मा स्थाई निवासी बी.एल. 140, डी.डी. नगर दीनदयाल नगर ग्वालियर (म.प्र) व श्री सतीश गोस्वामी आत्मज श्री महेश गोस्वामी स्थाई निवासी आर्दश कालोनी गोले का मंदिर गवालियर (म.प्र.) (मो. नं 6260640483) हाल निवास न्यू टी.टी. नगर भोपाल (म.प्र.) के निर्देशानुसार सर्वसधारण को सूचित करती हूँ कि मेरे पक्षकार ने अपने संयुक्त आधिपत्य/ स्वामित्व की भूमि कृषि भूमि खसरा नं. 348/2, कुल रकबा 0.0465 हेक्टेयर अर्थात 5000 वर्गफिट भूमि स्थित ग्राम सेमरी वाजयाप्त पटवारी हल्का नं 73 विकास खण्डा फंदा रा. नि. मं-04 तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल जिसका विक्रय अनुबंध श्री सुन्दर तेजवानी पुत्र रोचीराम तेजवानी निवासी टी-1, गोदावरी अल्टीमेट कैम्पस सिडीपुरम, जे. के अस्पताल के पास कोलार रोड भोपाल (म.प्र) एवं श्री गितेश मेंदीरत्ता पुत्र श्री एम. आर. मेंहदीरत्ता निवासी ई-7/813, अरेरा कालोनी तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) को मात्र नोटरीयुक्त दिनांक 05/02/2025 को लिखा पढ़ी करके विक्रय अनुबंध किया था। मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि के पंजीयन हेतु कई बार क्रेतागणो से मौखिक आग्रह किया सूचित किया कि उक्त भूमि की शेष राशि अदा कर उसका विक्रय पंजीयन उक्त क्रेतागण अपने पक्ष मे करवा लेवे परन्तु उक्त क्रेता मेरे पक्षकार को टालमटोल कर रहे है जिससे मेरे पक्षकारगणो को आर्थिक क्षति पहुंच रही है। इसलिए मैं अपने पक्षकारगणो के निर्देशानुसार क्रेतागणो को सूचित करता हूँ कि इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अन्दर उक्त भूमि का पंजीयन उक्त क्रेतगण मेरे पक्षकारगणो से करवा लेवे यदि उक्त क्रेतागणो द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो मेरे पक्षकारगण उक्त क्रेतागणो से किये गये उक्त भूमि के अनुबंध पत्र को निरस्त करते हुए उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन किसी अन्य के साथ करने को स्वंतत्र होगे। उक्त भूमि के संबंध में उक्त केतागणो को इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिन की समयावधि में मेरे पक्षकारगणो से उनके पते पर लिखित आपत्ति प्रमाण PROOF सहित प्रस्तुत करे। उक्त अवधि के उपरांत मेरे पक्षकारगणो को कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ऐसी स्थिति में मेरे पक्षकारगण उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन पत्र अन्य को निष्पादन करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति / दावा मेरे पक्षकारगणो को मान्य नहीं होगा।

**श्रीमति ऊषा इंगले, अधिवक्ता**
**पता-कार्यालय कायस्थ लॉ चेंबर पुरानी विधानसभा के सामने, भोपाल म.प्र.**

1405

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**
**सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**
**विकास आयुक्त का कार्यालय**

**भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2026**
**MSES के लिए आवेदन जल्द ही शुरू होंगे**
**आवेदन पोर्टल खुला**
**01 सितंबर 2026-20 सितंबर 2026**

**पात्रता**
सिर्फ़ माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइज़ (MSES) जिनके पास 31 अगस्त 2026 तक वैलिड उद्यम रजिस्ट्रेशन होगा, वे ही PMS स्कीम के तहत इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (IITF) 2026 में हिस्सा लेने के लिए अप्लाई करने के एलिजिबल होंगे। 31 अगस्त 2026 के बाद उद्यम रजिस्ट्रेशन में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण सलाह**
* अपनी उद्यम रजिस्ट्रेशन डिटेल्स वेरिफ़ाई करे
* 31 अगस्त 2026 को या उससे पहले सभी जरूरी अपडेट पूरे करें।
* इनएलिजिबल होने से बचने के लिए पक्का करें आपका उद्यम रजिस्ट्रेशन वैलिड रहे।

Key Dates
उद्यम अपडेट की आखिरी तारीख 31 अगस्त, 2026
एप्लीकेशन पोर्टल 01 सितंबर, 2026 को खुलेगा
एप्लीकेशन पोर्टल 20 सितंबर, 2026 को बंद हो जाएगा

इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (IITF) 2026 में हिस्सा लेने का मौका न चूकें। 01 सितंबर 2026 से 20 सितंबर 2026 के बीच अप्लाई करें। ज़्यादा जानकारी के लिए ऑफिशियल वेबसाइट देखें: https://www.dcmsme.gov.in/
ऑफिस ऑफ़ द डेवलपमेंट कमिश्नर (MSME) मिनिस्ट्री ऑफ़ माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया सेकंड फ्लोर, कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली-110001

cbc25113/11/0035/2627

## आपका राशिफल 26 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक 6 8 9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक 2 5 6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक 5 7 9